वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 2 जुलाई, 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चीनी कंपनियों पर अंकुश लगाने संबंधी निर्णय सराहनीय : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत सरकार द्वारा देश की संप्रभुता तथा सुरक्षा को ध्यान में रखकर तकनीक तथा निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में चीनी कंपनियों पर अंकुश लगाने के निर्णय पर भारत सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती है, साथ ही देश हित में कई उद्यमियों द्वारा चीन पर अंकुश लगाने के लिए निजी क्षेत्र में इसी तरह के उठाए गए कदम प्रशंसनीय हैं।

वर्तमान समय की परिस्थितियों में भारतीय उद्यमियों को तकनीक तथा निर्माण आदि क्षेत्रों में भारत केन्द्रित आविष्कारों की दिशा में कार्य करना चाहिए, जिससे देश मजबूत हो सके तथा विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न हो सकें।

अभाविप सभी युवा अन्वेषकों एवं उद्यमियों से अपील करती हैं की देश को आर्थिक स्वामलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने हेतु भारत केंद्रित नये प्रयोग एवं अविष्कार की ओर हम बढ़ें तथा स्वदेशी उत्पादों को बढावा दें।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "चीन की डाटा संबंधी नीतियों से यह स्पष्ट हो गया है कि वह भारतीयों के डाटा का दुरूपयोग कर रही है। भारतीयों की सुरक्षा एवं चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारत सरकार ने यह बहुत बड़ा एवं महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने प्रयासों से सरकार के साथ खड़ा हो जिससे हम प्रत्येक मोर्चे पर चीनी अवैध विस्तारवाद को मात दे सकें। चीन एक तरफ तो अवैध ढंग से भारतीय क्षेत्रों में घुसने का प्रयास करे और दूसरी तरफ व्यापार भी करे, तो ये दोनों विरोधाभासी बातें एकसाथ संभव नहीं हैं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)